# देवेंद्र फडणवीस के दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर सीएम त्रिवेंद्र ने दी बधाई

**बधाई**

**संवाददाता**



खुशी मनाते हुए भाजपा कार्यकर्ताआ।

देहरादून। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में फिर से देवेंद्र फडणवीस ने शपथ लेने पर सूबे के मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। साथ ही अजीत पवार को उपमुख्ध्यमंत्री बनने पर बधाई उी। सीएम ने कहा कि नई सरकार महाराष्ट्र की विकास यात्रा को निरंतर जारी रखते हुए और तीव्र गति से प्रगति करेगी।

महाराष्ट्र में भाजपा गठबंधन सरकार के गठन और देवेंद्र फडणवीस के दोबारा मुख्यमंत्री बनने पर भाजपा मुनिकीरेती के कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर खुशी मनाई। मंडल अध्यक्ष राकेश राकेश सेंगर ने कहा कि महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री के रूप में देवेंद्र फडणवीस का कार्य सराहनीय रहा है।
उनके के नेतृत्व में सरकार का गठन होना महाराष्ट्र में विकास की नई राह खोलेगा। इस मौके पर राधा कृष्ण दयाल, उषा बडोला, मनीष डिमरी, अर्चित पांडे, विजय रावत आदि मौजूद रहे।उधर, रुड़की में महाराष्ट्र में भाजपा सरकार बनने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई।

# राज्य की सरकार ने किसानों से किया धोखाः कांग्रेस प्रदेश प्रभारी



**(संवाददाता)** पिथौरागढ़। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा है कि उत्तराखंड की भाजपा सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। किसानों की हालत खस्ता है और वह कर्ज के जाल में डूब रहे हैं। कांग्रेस प्रत्याशी अंजू लुंठी के समर्थन में प्रचार के लिए पहुंचे अनुग्रह नारायण सिंह ने कहा कि भाजपा ने विधानसभा चुनावों के दौरान किसानों से कर्ज माफी का वायदा किया था, लेकिन ढाई वर्ष के कार्यकाल में सरकार ने इस दिशा में कोई पहल नहीं की है। प्रदेश में बेरोजगारी चरम पर है। खुद सरकार के आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। मजबूर युवा महानगरों की ओर पलायन कर रहा है। पर्वतीय क्षेत्रों में विकास ठप पड़ा हुआ है। कांग्रेस की योजनाओं को सरकार ने बंद कर दिया है।



**Page Three**

**Classified**

**Adds can be booked under these Categories : (all day publication)**

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

**Matrimonial (Sunday Only)**



**अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द**


# पर्यटन की अपार सम्भावनायें है बस उन्हें विकसित करने की जरूरत

## जिले में जहां भी डेस्टिनेशन बनाये जाने हैं उनका प्रस्ताव यथाशीघ्र बना लिया जायः डीएम

**निर्देश**

**संवाददाता**



डीएम अधिकारियों की बैठक लेते हुए।

अल्मोड़ा। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में 13 डिस्ट्रिक 13 डेस्टिनेशन की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में पर्यटन को बढ़ावा दिये जाने के उददेश्य से इस महत्वपूर्ण योजना को संचालित किया जा रहा है। उन्होंने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में जहॉ पर भी डेस्टिनेशन बनाये जाने है उनका प्रस्ताव यथाशीघ्र बना लिया जाय। उन्होंने जनपद के महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर एक कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये। डीएम ने कहा कि जनपद में पर्यटन की अपार सम्भावनायें है बस उन्हें विकसित करने की जरूरत है।

जिलाधिकारी ने जिला पर्यटन विकास अधिकारी को निर्देश दिये कि पर्यटन विभाग द्वारा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना तथा दीनदयाल होमस्टे योजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाए जाय। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक इन योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही स्वरोजगार योजनाओं के अंतर्गत उद्यमियों को आकर्षक सब्सिडी एवं ऋण का प्रावधान किया गया है। वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना में किसी भी प्रकार के पर्यटन से संबंधित उद्यम लगाने पर मैदानी क्षेत्रों में 25 प्रतिशत तथा पर्वतीय क्षेत्रों में 33 प्रतिशत की ऋण सब्सिडी मुहैया कराई जाती है। जबकि पर्यटक वाहन खरीदने की दशा में मैदानों तथा पर्वतीय क्षेत्रों में एक समान 25 प्रतिशत की सब्सिडी दी जाती है। इस अवसर पर जिला पर्यटन विकास अधिकारी राहुल चौबे ने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा होम स्टे योजना के अन्तर्गत यदि स्थानीय लोग अपने घरों को होमस्टे के रूप में पंजीकृत करवाते हैं अथवा अपनी भूमि पर नया होमस्टे बनवाते हैं या पुराने मकान का जीर्णोद्धार कर उसे होमस्टे के रूप में चलाते हैं तो इससे दूरस्थ क्षेत्रों में स्थानीय पर्यटन अवसंरचनाओं की भरपाई होगी।

इस प्रकार (विशेष रुप से) नैसर्गिक सौंदर्य से परिपूर्ण पर्वतीय क्षेत्रों को पर्यटन हब के रूप में विकसित किया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि यदि एक क्षेत्र विशेष में 6 या अधिक होमस्टे पंजीकृत होते हैं तो सरकार सड़क, बिजली, पानी, पार्क आदि अवस्थापना कार्य करवाते हुए इसे क्लस्टर के रूप में विकसित करेगी और इसका राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रचार–प्रसार भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन शिविरों में पर्यटन विभाग तथा बैंक के प्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को योजना से संबंधित औपचारिकताओं तथा उन्हें सरलता पूर्वक पूरा करने संबंधी विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराया जाए

**संवाददाता**



शिक्षा अधिकारियों की बैठक लेते जिलाधिकारी।

अल्मोड़ा। जनपद के सभी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर मुहैया कराना सुनिश्चित करें ताकि शैक्षिक कार्य में किसी प्रकार की असुविधा न हो यह निर्देश जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने शनिवार को कलैक्ट्रेट सभागार में जनपद के सभी विकासखण्डों के उप शिक्षाधिकारियों व खण्ड शिक्षाधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि जिन विद्यालयों में शौचालय, पेयजल, विद्युत एवं मरम्मत का कार्य किया जाना है उनका प्रस्ताव यथाशीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिये कि जहा पर 10 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालय है उन विद्यालयों को रूपान्तरण योजना के अन्तर्गत नहीं लिया जाय और जिन स्कूलों को इस योजना से आच्छादित किया जाना है उनका प्रस्ताव बनाकर यथाशीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिन विकासखण्डों के विद्यालयों में छात्र संख्या कम है वहा पर छात्र संख्या को बढ़ाने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग, पेयजल, जल संस्थान व स्वजल विभाग को निर्देश दिये कि उनके द्वारा जो कार्य अधूरे है उनको समय से पूर्ण करने के साथ ही एक सप्ताह के भीतर रिर्पोट जिला कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी खण्ड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिये कि वे अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण सजगता के साथ करना सुनिश्चित करें जिससे शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सके।

# हिट एंड रन केस में फरार आरोपी गिरफ्तार

**(संवाददाता)** देहरादून। राजपुर थाना क्षेत्र में हिट एंड रन केस में फरार आरोपी को पुलिस ने दुर्घटना कारित करने वाले वाहन सहित गिरफ्तार कर लिया। थाना राजपुर पर बीते रोज सूचना मिली थी अज्ञात वाहन द्वारा निकट मेक्स अस्पताल के किशन क्षेत्री निवासी ग्राम जैतनवाला को सुबह लगभग 6:00 बजे टक्कर मारकर वाहन सहित फरार हो गया, जिन्हें उपचार के लिए दून अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सक द्वारा उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर मिले कार के टुकड़ों का मिलान वर्कशॉप पर खड़ी कार से किया गया तो उत्तफ टुकडे उसी कार का होना पाया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर बताया कि वह उधम सिंह नगर से दून शादी समारोह में आया था तथा प्रातः 6:00 बजे लगभग वह अकेले वाहन कार स्विफ्ट डिजायर कार संख्या यूके 06एवी–2223 से मसूरी से देहरादून को जा रहा था, मैक्स अस्पताल से कुछ पहले उसे झपकी आने के कारण सड़क किनारे पैदल चल रहे व्यक्ति को गाड़ी से टक्कर लग गई तथा वह घबराकर वाहन सहित मौके से भाग गया।

## न्यूज डायरी

### परमार्थ निकेतन में हिमालय परिवार कार्यकारिणी का आयोजन

**(संवाददाता)** ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन में हिमालय परिवार कार्यकारिणी का आयोजन किया गया जिसमें दो दिनों तक हिमालय संरक्षण पर चिंतन व विवेचन किया जायेगा। इस अवसर पर परमार्थ निकेतन के परमाध्यक्ष स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी, श्री भूपेन्द्र कंसल राष्ट्रीय महामंत्री हिमालय परिवार, वन्दना पाठक राष्ट्रीय महामंत्री, भुवन भट्ट सह सम्पादक और अन्य विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यकारिणी का शुभारम्भ किया। हिमालय संरक्षण, चिंतन व विवेचना समिट में स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी महाराज ने हिमालय संरक्षण हेतु प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी विषय पर उद्बोधन दिया। अन्य विशिष्ट अतिथियों ने भी 'हिमालय के प्रति चेतना' विषय पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने अमेरिका से आये समीर भंसाली और श्रीमती भंसाली जी को सम्मानित किया।

### होमस्टे की जानकारी देने के लिए राज्य भर में लगाए जाएंगे शिविर

**(संवाददाता)** देहरादून। पर्यटन विभाग द्वारा वीर चंद्र सिंह गढ़वाली स्वरोजगार योजना तथा दीनदयाल होमस्टे योजनाओं के माध्यम से स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य के सभी जनपदों के विभिन्न स्थानों पर जागरूकता शिविर लगाए जाएंगे। सचिव पर्यटन, दिलीप जावलकर ने यह जानकारी देते हुए कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा शिविर लगाकर स्थानीय लोगों को इन योजनाओं के विषय में बारीकी से जानकारी दी जाएगी। राज्य सरकार का उद्देश्य अंतिम व्यत्तिफ तक इन योजनाओं का अधिकतम लाभ पहुंचाना है।

### स्वीडन के राजा और रानी 5 व 6 दिसंबर को करेंगे कार्बेट नेशनल पार्क की सैर

**(संवाददाता)** देहरादून। स्वीडन के राजा किंग कार्ल–16 गुस्ताफ और रानी सिल्वा कार्बेट नेशनल पार्क की सैर को आ रहे हैं। वे पांच और छह दिसंबर को कार्बेट में रहेंगे। इस दौरान गुर्जरों की डेरों का भी भ्रमण करेंगे। शाही मेहमानों के दौरे को लेकर कार्बेट प्रशासन तैयारियों में जुटा है। दोनों इसके अलावा हरिद्वार का भी भ्रमण करेंगे।
पांच दिसंबर को वे केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र रावत के साथ हरिद्वार के सराय में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट के उद्घाटन पर भी मौजूद रहेंगे। प्लांट के निरीक्षण के बाद वे चंडीघाट का भी भ्रमण करेंगे। इसके बाद पांच दिसंबर को शाही परिवार कार्बेट जाएगा। जहां वे ढिकाला सहित अन्य जगहों की सैर करेंगे।